भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5191

जिसका उत्तर दिनांक 24.07.2019 को दिया जाना है

यूरेनियम का आयात

5191. श्रीमती लॉकेट चटर्जी:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मौजूदा देशों के अतिरिक्त अन्य देशों से यूरेनियम के आयात में वृद्धि करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए नए स्थानों पर यूरेनियम के अन्वेषण हेतु कोई कदम उठा रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) तथा (ख) जी, हाँ । देश में यूरेनियम की दीर्घकालीन मांग और स्वदेशी स्रोतों से यूरेनियम की आपूर्ति के मूल्यांकन के बाद ही सरकार, संभावित आपूर्तिकर्ताओं से यूरेनियम के आयात का निर्णय लेगी।

(ग) तथा (घ) जी, हाँ । सरकार ने देश के कई संभावित क्षेप क्षेत्रों में आधुनितम, समाकलित, बहु-विषयक अन्वेषण द्वारा, यूरेनियम की घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए, उपाय किए हैं ।

परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के एक उपक्रम, यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) ने, यूरेनियम उत्पादन में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने के सरकार के विज़न के अनुसार, विस्तृत योजना बनाई है । पहले ही पहचान किए गए संसाधनों को देखते हुए झारखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, और राजस्थान में बड़े उत्पादन केन्द्रों की योजना बनाई गई है ।

****